मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-50
26/01/2019

मुख्यमंत्री ने अपने आवास में झंडोत्तोलन किया, बच्चों को मिठाई खिलाई

पटना, 26 जनवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज गणतंत्र दिवस के अवसर पर 01 अण्णे मार्ग स्थित अपने आवास में झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सशस्त्र टुकड़ियों की सलामी ली तथा उपस्थित लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बच्चों को मिठाइयॉ एवं जलेबी खिलाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गॉधी जी, विधान पार्षद श्री ललन सर्राफ, आपदा प्रबंधन प्राधिकार के सदस्य श्री उदयकांत मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित कई वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

******